केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

श्री सांई तारा कॉम्पलेक्स, आई0ए0एस0कालोनी,

जवाहर लाल नेहरू मार्ग,(बेली रोड) पटना- 801503

महत्वपूर्ण सूचना

विज्ञापन संख्या-01/2017 (बिहार पुलिस में 'सिपाही' पद पर भर्ती हेतु)

केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा बिहार पुलिस में सिपाही पद की वर्तमान रिक्तियों (9,900) के विरुद्ध जारी किये गये विज्ञापन संख्या-01/2017 के क्रम में दिनांक-15.10.2017 (रविवार) एवं दिनांक-22.10.2017 (रविवार) को अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा निम्नांकित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जायेगी।

पाली	दिनांक	परीक्षा अवधि (दो घंटे)	अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग टाईम
प्रथम पाली	**15.10.2017 (रविवार)**	10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न तक	09:00 बजे पूर्वाह्न
द्वितीय पाली	**15.10.2017 (रविवार)**	14:00 बजे अपराह्न से 16:00 बजे अपराह्न तक	13:00 बजे अपराह्न
तृतीय पाली	**22.10.2017 (रविवार)**	10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न तक	09:00 बजे पूर्वाह्न

अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र, तिथि एवं पाली का आवंटन पर्षद द्वारा किया जाएगा।

(2) **प्रवेश-पत्र-** लिखित परीक्षा हेतु उम्मीदवारों के ई-प्रवेश-पत्र (E-Admit Card) पर्षद की वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in पर दिनांक-23.09.2017 से उपलब्ध होंगे। उम्मीदवार अपना ई-प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर उसका प्रिंट आउट निकाल लें। **स्पष्ट किया जाता है कि डाक द्वारा प्रवेश पत्र नही भेजा जाएगा।**

(3) आवंटित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थी निश्चित रूप से अपने फोटो युक्त पहचान-पत्र (जैसे-आधार, मतदाता पहचान-पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस आदि) के साथ रिर्पोटिंग टाईम पर उपस्थित हों। जो अभ्यर्थी अपने साथ फोटो पहचान-पत्र नही रखेंगे उन्हें किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा।

(4) यदि ई-प्रवेश-पत्र पर फोटो स्पष्ट नहीं है या उपलब्ध नहीं है तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी परीक्षा स्थल पर इस आशय के प्रतिवेदन के साथ अपने आवेदन-पत्र के समरूप 02 (दो) फोटोग्राफ तथा वैध फोटोयुक्त पहचान-पत्र वीक्षक के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

(5) विशेष परिस्थिति में जो अभ्यर्थी किसी कारणवश वेबसाइट से ई-प्रवेश-पत्र Download नहीं कर सकें, उनकी सुविधा के लिए दिनांक-10.10.2017 से 12.10.2017 तक प्रतिदिन 10.00 बजे पूर्वा0 से 17.00 बजे संध्या तक केन्द्रीय चयन पर्षद के बैक हार्डिग रोड (सचिवालय

हाल्ट के निकट), पटना–800001 स्थित कार्यालय से डुप्लिकेट ई–प्रवेश–पत्र निर्गत करने की व्यवस्था की गई है। **ऐसे अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र की छाया प्रति एवं एक वैध फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ उक्त अवधि में चयन पर्षद के उपरोक्त कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपने खर्च पर डुप्लीकेट ई–प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते है।**

(6) अनुक्रमांकवार आवंटित परीक्षा केन्द्रों की सूची पर्षद की वेबसाइट पर दिनांक–23.09.2017 से उपलब्ध रहेगा। उम्मीदवार सुनिश्चित हो लें कि डाउनलोड किया गया ई–प्रवेश–पत्र उसके अनुरूप है।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अपने प्रवेश–पत्र को वे परीक्षा के बाद भी सुरक्षित रखें, क्योंकि बाद के चरणों में चयन पर्षद द्वारा इसकी मॉग की जायेगी।

उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की हड़बड़ी से बचने के लिए वे अपने ई–प्रवेश–पत्र का प्रिंट आउट यथाशीघ्र निकाल लें।

ई–प्रवेश–पत्र में किसी प्रकार की विसंगति होने पर दूरभाष संख्या–06115–234995,234996 पर पर्षद को तत्काल सूचित करें ताकि पर्षद संबंधित मामले में निर्णय ले सके।

(7) पररूपधारण (Impersonation), किसी अन्य व्यक्ति को अपने स्थान पर परीक्षा में बैठाना, स्वयं फर्जी नाम से अथवा किसी अन्य अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देना, परीक्षा में कदाचार, धोखाधड़ी आदि भारतीय दण्ड संहिता एवं बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम–1981 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। अतः दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

(8) यदि कोई अभ्यर्थी उनके लिए निर्धारित पाली अथवा परीक्षा केन्द्र से इतर किसी अन्य पाली अथवा परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा देंगे तो उन्हें अयोग्य करार देते हुए उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी। इसी प्रकार यदि कोई परीक्षार्थी अपने रोल नम्बर की सीट के बदले किसी अन्य सीट पर बैठ कर परीक्षा देता पाया जायेगा तो उसे भी अयोग्य घोषित करते हुए उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।

(9) ई–प्रवेश–पत्र तथा आवंटित परीक्षा केन्द्र एवं पाली का विवरण पर्षद की वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in पर दिनांक–23.09.2017 से उपलब्ध रहेगा। परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु विज्ञापन के अनुरूप रहेंगे।

ज्ञापांक–841/के0च0प0,
केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)
श्री साईं तारा कॉम्पलेक्स, आई0ए0एस0कालोनी,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग,(बेली रोड) पटना– 801503

(हस्ताक्षर) 13.9.17

(विशेष कार्य पदाधिकारी)
केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),
बिहार, पटना।